तेरी काया की हवेली बन्दे एक दिन डह जाएगी

तेरी काया की हवेली बन्दे एक दिन डह जाएगी
एक दिन डह जाएगी रे बन्दे एक दिन डह जाएगी
कोई रोक ना पाएगा दुनिया बस देखती रह जाएगी

काया को तू रोज सजाता देख देख इसको इतराता
नहीं जानता ये तो धोखा एक दिन दे जाएगी

ये भी करलू वो भी करलू जोड़ जोड़ मैं इतना घर लू
ना हो पूरी तेरे मन की मन में रह जाएगी

जीवन तेरा बचा है थोड़ा रुकता नहीं समय का घोड़ा
एक दिन तुझको तेरी उमरिया अलविदा कह जाएगी

होगा एक दिन काल सिराहने तेरी अजमेरिया एक ना माने
रोक सके ना मौत तुझे बस ठाके ले जाएगी

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20772/title/teri-kaya-ki-haweli-bande-ek-din-deh-jayegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |